प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की है कि संसद का मॉनसून सत्र सार्थक होगा और सकारात्मक चर्चाओं से भरपूर होगा। उन्होंने कहा कि ये सत्र देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाएगा। सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने सभी दलों के सांसदों से सत्र की सुचारू कार्यवाही में सहयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सत्र राष्ट्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। ये देश की सामूहिक उपलब्धियों का सच्चा उत्सव है।

00000

संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो गया है। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के सदस्यों की नारेबाजी के बीच दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पडी। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर, सदन ने आठ पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी। सदन ने पहलगाम आतंकवादी हमले और एयर इंडिया एआई–171 विमान दुर्घटना के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। विभिन्न राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं में हुए जान–माल के नुकसान पर भी दुख व्यक्त किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और सदस्यों ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की उनकी सफल यात्रा के लिए बधाई दी। इस बीच प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस, सपा, द्रमुक और अन्य विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर नारेबाजी शुरू कर दी।

राज्यसभा में भी ऐसा ही हुआ, जिसके कारण राज्यसभा की कार्यवाही भी दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित की गई। इससे पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज संसद के उच्च सदन के दो निर्वाचित और तीन मनोनीत सदस्यों को शपथ दिलाई।

00000

राजस्थान उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश के. आर. श्रीराम आज पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे राजभवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें शपथ दिलायेंगे। इससे पहले श्री के आर श्रीराम ने राजभवन में आज राज्यपाल से मुलाकात की। शपथ ग्रहण से पूर्व ये उनकी शिष्टाचार भेट थी।

0000

प्रदेश के सभी डाकघरों में आज कोई सार्वजनिक लेन–देन नहीं हो रहा है। कल से शुरू हो रही–एडवान्स्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी एप्लिकेशन के संचालन को देखते हुए राजस्थान डाक परिमण्डल ने ये फैसला किया है। डाक परिमण्डल कार्यालय जयपुर के सहायक निदेशक प्रवीण मीणा ने बताया कि इस उन्नत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित बदलाव को सक्षम बनाने के लिए ये नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दौरान डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और अन्य प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा। परिमण्डल ने ग्राहकों से असुविधा से बचने के लिए सूचना के अनुसार योजना बनाने की अपील की है।

000

सावन के दूसरे सोमवार पर आज प्रदेशभर के शिवालयो में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विशेष पूजा अर्चना कर रहे है। विभिन्न पवित्र सरोवरों से कांवडिये जल लाकर शिवजी का पूजन का रहे है। राजधानी जयपुर के झारखण्ड महादेव और ताडकेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों की कतारे लगी हुई है। श्रद्धालुओं की भीड को देखते हुए प्रशासन ने पुख्ता व्यवस्थाएं की है।

00000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आयोजित की जा रही है। ध्रुवपद–गायन प्रशिक्षण कार्यशाला का 23 जुलाई को समापन होगा। इसमें विद्यार्थी अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस बार ध्रुवपद के घरानेदारी के साथ कार्यशाला की विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ मधु भट्ट तैलंग औरं उनके गुरू पद्म श्री पंडित

लक्ष्मण भट्ट तैलंग द्वारा सृजित रचनाओं के नवाचार ख़ास होंगे। साथ ही वर्षा ऋतु पर भारतीय परम्परानुसार शिव की वंदना के लिए शिव पर आधारित रागें और रचनाओं का प्रदर्शन भी किया जायेगा।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मन की बात मासिक कार्यक्रम 27 जुलाई को होगा। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। श्रोता इसके लिए 25 जुलाई तक सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

0000